विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय के माध्यम के दिए गए संघ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन

2356. **श्री मोहम्मद अफ़ज़ल उर्फ मीम अफ़ज़ल** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 30 जून, 1992 तक विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय के माध्यम से संघ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन कितने समाचारपत्रों में दिए गए; और

(ख) इस संबध में समाचारपत्रों की भाषावार संख्या कितनी है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप-मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) और (ख) विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय ने 1 अप्रैल, 1992 से 30 जून, 1992 की अवधि के दौरान 247 समाचारपत्रों को संघ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन जारी किए । उनका भाषावार ब्यौरा इस प्रकार है :—

अंग्रेजी	—41
हिंदी	—75
उर्दू	—28
पंजाबी	— 8
बंगला	—11
असमिया	— 3
मणिपुरी	— 1
उड़िया	— 4
मराठी	—13
गुजराती	—13
सिंधी	— 3
तमिल	—17
तेलुगु	5
मलयालम	—12
कन्नड़	— 3
कुल :	247

Opening of new radio stations and Doordarshan Kendras in Bihar

2357. SHRI S. S. AHLUWALIA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased ot state:

(a) whether it is a fact that Government have fixed any target for opening new radio stations and doordarshan kendras in Bihar during the Eighth Five Year Plan;

(b) if so, what are the details thereof, and the places where the radio stations and doordarshan kendras are likely to be established; and

(c) what other actions Government propose to take for the rapid expansion of radio and Television network in Bihar?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): (a) to (c) Setting up of new radio stations/TV transmitters/studio centres is dependent upon the availability of adequate resources and inter-se priorities. The following projects for expanding/ sterngthening the existing radio/television coverage in Bihar are under various stages of implementation:

Air

Local radio station at Hazaribagh, Purnea, Singhbhum and Daltonganj.

Doordarshan

(i) Permanent TV Studio Centre at Patna

(ii) Programme Generation facility Centres at Daltonganj and Mujaffarpur.

(iii) Low Power Transmitters at

Aurangabad, Godda, Gumla, Hazaribagh, Lohardaga, Navada and Raxaul

भारतीय प्रेस परिषद में उर्दू को प्रतिनिधित्व दिया जाना

2358. **श्री मोहम्मद अफ़ज़ल उर्फ मौम अफ़ज़ल** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय प्रेस परिषद् की नवगठित समिति में इस समय उर्दू को कोई प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या यह भारतीय प्रेस परिषद् के नियमों के विरुद्ध है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) और (ख) जी, हां ।

समाचार-पत्रों के नामों का पंजीयन

2359. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटूभाई पटेल :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) समाचार पत्रों के पंजीयक द्वारा 31 दिसम्बर, 1991 तक पंजीकृत किये गये समाचारपत्रों के नामों की भाषावार और राज्यवार संख्या कितनी है ;

(ख) क्या यह सच है कि एक समाचार पत्र का नाम पंजीकृत हो जाने के बाद उसे निर्धारित अवधि के भीतर प्रकाशित करना होता है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि नाम के पंजीयन के वास्तकि प्रयोग के बारे में एक निर्धारित समय सीमा के भीतर सूचना देनी होती है ;

(घ) क्या पंजीयक स्वयं पंजीकृत प्रकाशन के नाम के वास्तविक प्रयोग के संबंध में कोई जांच करते हैं; और

(ङ) क्या यह सच है कि पंजीकृत प्रकाशनों के नामों को निरस्त न किये जाने के कारण, जिनका कि वास्तव में प्रयोग नहीं किया जा रहा है, अनावश्यक भीड़भाड़ होने से नये आवेदक अपने प्रकाशनों के लिये उपयुक्त नामों का चयन नहीं कर पा रहे हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक के कार्यालय के रिकार्ड और इसके द्वारा संकलित सूचना के अनुसार दिनांक 31-12-1990 तक कुल 28,491 पत्र-पत्रिकाओं के नामों का पंजीयन किया गया है । भाषावार और राज्यवार ब्यौरा विवरण में दिया गया है। **(नीचे देखिए)**।

(ख) संबंधित जिला मजिस्ट्रेट द्वारा घोषणा पत्र को अधिप्रमाणित किये जाने के बाद, उस समाचार पत्र को, जो सप्ताह में एक बार अथवा कभी कभार प्रकाशित होता है, घोषणा-पत्र के अधिप्रमाणन के छः सप्ताह के भीतर और अन्य समाचारपत्र को तीन महीने के अन्तर्गत प्रकाशित करना अपेक्षित है ।

(ग) और (घ) जी, नहीं ।

(ङ) जी, हां । चूंकि बड़ी संख्या में नाम पहले ही ब्लाक हो गये हैं अतः कुछ मामलों में नये शीर्षकों के चयन में कुछ अधिक समय लग सकता है ।